# राजस्थान यूनिवर्सिटी में पी.एच.डी. सीटों पर वार्ड कोटा देने के फैसले का विरोध

## ए.बी.वी.पी. कार्यकर्ताओं ने सिंडिकेट मीटिंग से पहले कुलपति सचिवालय का घेराव कर विरोध जताया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान विश्वविद्यालय में पी.एच.डी. सीटों पर वार्ड कोटा देने के फैसले का विरोध शुरू हो गया है। इसके साथ ही छात्र पी.एच.डी. एग्जाम में पास हुए सभी अभ्यर्थियों या 3 गुना अभ्यर्थियों को इंटरव्यू में बुलाने की मांग कर रहे है। सिंडिकेट मीटिंग के दौरान सोमवार को छात्रों ने कुलपति सचिवालय का घेराव करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने ये मांग रखी। उन्होंने कुलपति सचिवालय में दाखिल होने से रोके जाने पर सिंडिकेट मीटिंग हॉल की खिड़कियों को खटखटाते हुए सिंडीकेट सदस्यों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की। इस दौरान यूनिवर्सिटी परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा, जिन्होंने छात्रों को कुलपति सचिवालय में प्रवेश करने से रोके रखा।

दरअसल राजस्थान विश्वविद्यालय में सोमवार को सिंडिकेट की बैठक थी, लेकिन बैठक शुरू होने से पहले ही कुलपति और सिंडिकेट सदस्यों को छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने बैठक में पहुंचने वाले सदस्यों का घेराव करते हुए पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम में मनमाने नियम लागू करने का विरोध दर्ज करवाया। एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष रोहित मीणा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से करवाए गए पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम में कई प्रकार की अनियमितताएं है। उन्होंने कहा, क्या कारण है कि पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम के तीन गुना अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए नहीं बुलाया जा रहा, जबकि छात्रों से एग्जाम के नाम पर 3000 रुपए वसूल कर लिए और अब उन्हें भर्ती नहीं करना चाह रहे हैं। आनन-फानन में सिंडिकेट की बैठक बुला ली गई, जबकि इस बैठक में पूरे सदस्य भी मौजूद नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता मनमाने नियमों को लागू नहीं होने देगा। इसके खिलाफ कोर्ट की शरण लेंगे और राजभवन में भी शिकायत करेंगे।

केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य भारत भूषण ने कहा कि सरकार बदल गई, लेकिन विश्वविद्यालय की हालत नहीं बदली। पेट परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय ने 3 हजार रुपए की फीस रखी। भारत में ऐसा कोई विश्वविद्यालय नहीं है, जहां गरीब छात्रों से इतनी ज्यादा एंट्रेंस फीस ली जाती हो। दुर्भाग्य तो ये है कि विश्वविद्यालय में जो भी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ है, उनके बच्चों को आउटराइट एडमिशन दिया जाएगा, ऐसे में जवान और किसान के बच्चों का क्या होगा? वे इतनी फीस कहां से लाएंगे? ये पूरी तरह गैरकानूनी है, जिसका विद्यार्थी परिषद विरोध कर रही है। एबीवीपी के इकाई मंत्री मनु दाधीच ने कहा कि जब पेट परीक्षा का आयोजन कराया गया तो विश्वविद्यालय प्रशासन के खाते में करीब 2 करोड़ रुपए आए, ऐसे में उन्होंने राजस्थान सरकार और एसओजी से इस परीक्षा की जांच की मांग करते हुए कहा कि भ्रष्टाचारियों को पकड़ कर जेल में डाला जाए।

रोहित मीणा ने कहा कि सिंडिकेट मीटिंग में पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम पास करने वाले 2 गुना अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाने का प्रस्ताव रखा गया, जबकि अन्य विश्वविद्यालय और यूजीसी नियमों के अनुसार प्रवेश के लिए सामान्य श्रेणी के लिए कम से कम 50 प्रतिशत और आरक्षित कैटेगरी के लिए 45 प्रतिशत का नियम है। ऐसे में परीक्षा पास करने वाले सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाए। राजस्थान विश्वविद्यालय की पीएचडी सीटों में वार्ड कोटे पर वर्ष 2010 में उच्च न्यायालय ने रोक लगाई थी, क्योंकि ये आरक्षण पॉलिसी का खुला उल्लंघन था। बावजूद इसके वार्ड कोटे से एडमिशन दिए जाने की प्लानिंग की गई है, जो पूरी तरह गलत है।



**राजस्थान यूनिवर्सिटी में सिंडिकेट मीटिंग का विरोध करने पहुंचे ए.बी.वी.पी. कार्यकर्ताओं को पुलिस ने कुलपति सचिवालय के गेट पर ही रोक दिया। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तनातनी भी हुई।** फोटो-राष्ट्रदूत

- **छात्रों ने कुलपति सचिवालय में दाखिल होने से रोके जाने पर सिंडिकेट मीटिंग हॉल की खिड़कियों को खटखटाते हुए सदस्यों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की**
- **ए.बी.वी.पी. की मांग है कि पी.एच.डी. एग्जाम में पास हुए सभी अभ्यर्थियों या 3 गुना अभ्यर्थियों को इंटरव्यू में बुलाया जाये**

# 4 माह में 2500 से ज्यादा मनचलों से समझाइश की

**जयपुर** । जयपुर शहर में महिलाओं और बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाओं की रोकथाम के लिए जयपुर शहर में चार महीने में पुलिस ने ढाई हजार से ज्यादा मनचलों के साथ समझाइश की। पुलिस ने चार महीने में दो लाख से ज्यादा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया है। इसके साथ ही पुलिस ने असमाजिक तत्वों पर कार्रवाई करते हुए 233 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के नेतृत्व में सतर्क जयपुर सुरक्षित जयपुर के तहत निर्भया स्कवॉड को महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए लगाया गया। निर्भया स्क्वॉयड को पार्क, मॉल और कॉलेज के आस-पास लगाया गया ताकि वह मनचलों पर नजर रख सके।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश विश्नोई ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त नितिशा जाखड़ के नेतृत्व में 1 जनवरी से अब तक जयपुर के भीड़भाड़ वाले विभिन्न स्थानों पर निर्भया स्क्वॉड टीम ने ड्यूटी करते हुए 233 असमाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया। वहीं 2533 मनचलों से समझाइश की। विभिन्न थानों में 2 मुकदमें व 41 परिवाद दर्ज करवाए। 2 लाख 24 हजार से ज्यादा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। मास्टर ट्रेन द्वारा 2 लाख 86 हजार 984 महिलाओं बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया है।

पुलिस नियंत्रण कक्ष में संचालित महिला गरिमा हैल्पलाइन नम्बर 1090 पर 1 जनवरी से अब तक 755 शिकायतें आई। पुलिस कंट्रोल रुम में संचालित वाट्स एप हेल्पलाइन नम्बर 87648-68200 पर 27 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें 16 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

- **पुलिस टीम ने असमाजिक तत्वों पर कार्रवाई करते हुए 233 लोगों को गिरफ्तार किया**

# स्विमिंग पूल में डूबने से किशोर की मौत

**जयपुर** । मानसरोवर इलाके में दोस्तों के साथ नहाने आए एक किशोर की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। वह दोस्तों के साथ नहाने के लिए पानी में उतरा था और नहाते समय पैर फिसलने से डूब गया। जहां पूल कर्मचारियों ने उसे पानी से बाहर निकाल कर सवाई मानसिंह अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया, दो दिन बाद उसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा ने थाने में लापरवाही से मौत का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि स्विमिंग पूल में डूबने से कीरो की ढाणी मुहाना निवासी कमल (15) की मौत हो गई। जो मुहाना मंडी में फल-सब्जी की दुकान पर नौकरी करता था। वह अठारह अप्रैल को अपने दोस्त असलम, विकास व लक्की के साथ बाइक से पत्रकार कॉलोनी के पास एसआर स्विमिंग पूल गया था। स्विमिंग पूल में नहाने के लिए कमल उतरा। जहां पानी में उतरकर नहाते समय पैर फिसलने से डूब गया।

# निर्माणाधीन मकान की मिट्टी ढहने से तीन मजदूर दीवार के नीचे दबे

## हादसे में एक मजदूर की मौत, जबकि दो अन्य घायल

**जयपुर** । सांगानेर सदर थाना इलाके में निर्माणाधीन मकान की मिट्टी ढहने से तीन लोग दीवार के नीचे दब गए। इनमें से एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल मजदूरों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी मिल गई है। जानकारी में सामने आया है कि तीनों हौद की चिनाई के लिए गड्ढे में उतरे थे। चिनाई के दौरान अचानक मिट्टी ढहने से दीवार गिर गई।

मलबे के नीचे तीनों दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाल कर इलाज के लिए महात्मा गांधी अस्पताल भिजवाया था। इधर घटना के बाद मृतक के भाई कैलाश बैरवा की ओर से रविवार रात सांगानेर सदर थाने में मकान मालिक और ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि घटना 20 अप्रेल की है। जहां इस हादसे में निवाई (टोंक) के रहने वाले बनवारी लाल बैरवा (29) की मौत हो गई और वहीं अन्य मजदूर शिवकुमार और जीवराखन को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी। मृतक बनवारी लाल बैरवा गोकुल वाटिका सांगानेर में अपनी मां, पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। किराए से रहकर बनवारी कारीगर का काम करता था, जो 20 अप्रैल की सुबह अपने दो साथी शिवकुमार और जीवराखन के साथ सीतापुरा स्थित निर्माणाधीन मकान की साइट पर गया था और एक हौद की चिनाई करने के लिए तीनों गड्ढे में उतर गया। चिनाई के दौरान अचानक मिट्टी ढहने से दीवार गिर गई। मलबे के नीचे तीनों दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाल कर इलाज के लिए महात्मा गांधी अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने बनवारी को मृत घोषित कर दिया, जबकि दोनों साथी शिवकुमार और जीवराखन को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी। इधर मृतक के चचेरे भाई कैलाश बैरवा ने मामला दर्ज करवाते हुए मकान मालिक और ठेकेदार पर आरोप लगाया है कि उसका भाई बनवारी ने हौद के पास सटी दीवार को जर्जर देखकर मकान मालिक व ठेकेदार को बताया था। उसके बाद भी मकान मालिक और ठेकेदार ने एक भी नहीं सुनी। तीनों को काम करने के लिए हौद के गड्ढे में उतार दिया। मकान मालिक और ठेकेदार की लापरवाही के चलते ही उसके भाई बनवारी की मौत हुई है।

# ग्रेटर निगम के 770 कर्मचारियों ने 1100 लोगों की मदद से उठाया 25 हजार किलो प्लास्टिक वेस्ट

## अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर 'पिक द प्लास्टिक' अभियान चलाकर जयपुर शहर में साफ-सफाई की गई

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम की टीम ने अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर 'पिक द प्लास्टिक' महाभियान चलाकर सातों जोनों के वार्डो में सफाई गई। इस अभियान में 770 कर्मचारियों की 5 से अधिक टीमों विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों, एनजीओ के 1100 से अधिक लोगों ने मिलकर 25 हजार किलो से भी ज्यादा प्लास्टिक वेस्ट उठाया।

आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि ग्रेटर नगर निगम के सभी जोनों, वार्डो में महाभियान चलाकर सफाई की गई। मुरलीपुरा जोन के शेखावाटी हॉस्पिटल से एचपी पेट्रोल पम्प, विद्याधर नगर जोन के बाईपास पुलिया से कालरा पेट्रोल पम्प तक, झोटवाड़ा जोन में मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से 200 फुट बाईपास अजमेर रोड, मानसरोवर जोन में द्रव्यवती रीवर के आस-पास सफाई की गई। सांगानेर जोन में डिग्गी मालपुरा रोड़, जगतपुरा जोन में सांगा मार्ग अक्षयपात्र, मालवीय नगर जोन में कठपुतली नगर अमरूदों का बाग इत्यादि में प्रात: 8 से 10 बजे तक दो घंटे "पिक द प्लास्टिक" महाभियान चलाया गया।

स्वास्थ्य उपायुक्त नवीन भारद्वाज ने बताया कि इस अभियान में नगर निगम ग्रेटर के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम के साथ-साथ विभिन्न एनजीओ जैसे सिफार, फीनीलूप, नेहरू युवा केन्द्र तथा विभिन्न महाविद्यालयों जैसे एमजीडी स्कूल, सेन्ट सोल्जर स्कूल, भारती विद्याश्रम स्कूल, मयूरा स्कूल नायला हाउस, सेन्ट अन्सलेम स्कूल, टैगोर पब्लिक स्कूल सहित 10 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ-साथ एनसीसी स्काउट छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसेडर आर.जे कार्तिक, अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, उपायुक्त नवीन भारद्वाज ने भी इस महाभियान में भाग लिया तथा पार्क, वाटर बॉडीज की साफ-सफाई की। उन्होंने आमजन से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए समझाइश की।

उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज एवं उनकी टीम द्वारा द्रव्यवती नदी से प्लास्टिक के कचरे को साफ किया गया। अभियान के दौरान मुरलीपुरा जोन में 235 किलो प्लास्टिक वेस्ट उठाया गया। इसके साथ ही विद्याधर नगर जोन में 2410 किलो, झोटवाडा जोन में 22 हजार किलो, मानसरोवर जोन में 125 किलो, सांगानेर जोन में 25 किलो, जगतपुरा जोन में 60 किलो एवं मालवीय नगर जोन में 180 किलो प्लास्टिक वेस्ट उठाया गया।

- **उपायुक्त भारद्वाज ने लोगों को प्लास्टिक उपयोग नहीं करने के लिए समझाया**



**ग्रेटर नगर निगम प्रशासन ने 'पिक द प्लास्टिक' अभियान के तहत सोमवार को द्रव्यवती नदी में फेंके गए प्लास्टिक कचरे को बाहर निकाला।**

# स्कूली बच्चों ने आमजन को किया सफाई के लिए जागरूक



**हैरिटेज निगम ने विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ विश्व पृथ्वी दिवस मनाया।**

**जयपुर** । हैरिटेज नगर निगम जयपुर ने सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर आदर्श नगर जोन में वार्ड नं. 78 स्थित राजकीय बालिका विद्यालय एवं वार्ड नं. 78 स्थित आर के मोदी इन्टरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं के साथ एक स्वच्छता जागरूकता मुहिम चलाई। इसमें दोनों स्कूलों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस मुहिम के तहत बच्चों को सिखाया गया कि वे सूखा और गीला कचरा अलग-अलग चयनित पात्रों में डालें ओर गीले कचरे से खाद बनाये और सूखे कचरे को नगर निगम के सेंटर में दें। इस मौके पर उपायुक्त सरोज ढ़ाका, जिला परियोजना अधिकारी अमित शर्मा और पीआईयू की टीम मौजूद थी। अतिरिक्त आयुक्त रौनक बैरागी व उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने नगर निगम जयपुर हैरिटेज ने महीने भर चलने वाले प्लास्टिक संग्रह अभियान के लिये स्वच्छता रथों को रवाना किया जिन पर "हर कदम पर्यावरण की ओर, हर कोशिश हरियाली की ओर" के संदेश लिखे हुए थे, को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस महत्वपूर्ण मौके पर अधिकारियों ने प्लास्टिक के उपयोग से परहेज करने और पर्यावरण पर होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की अपील की।

## सार-समाचार

### जनसंपर्क दिवस पर सम्मान समारोह



**जयपुर** । पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इण्डिया जयपुर चैप्टर की ओर से 47वां राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस व सम्मान समारोह आयोजित हुआ। "सनातन मूल्य और उभरता भारत-जनसंपर्क की भूमिका" विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गोपाल शर्मा रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रहे डॉ. डी.आर मेहता ने की। उन्होंने जयपुर फुट की सेवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान, फिलिस्तीन और इराक जैसे देशों में जनसंपर्क के जरिए जरूरतमंदों को लाभ दिया जा रहा है। समारोह में वरिष्ठ जनसंपर्कर्मी वी.के.सिंघवी को जनसंपर्कश्री सम्मान से नवाजा गया। वीरेंद्र पारीक, कन्हैया भ्रमर, तरुण जैन, जितेंद्र माथुर, गणपतसिंह नारोलिया तथा डॉ. संदीप पुरोहित को जनसंपर्क उत्कृष्टता पुरस्कार मिला। जनसंचार शिक्षण विशिष्टता सम्मान डॉ. वैशाली कपूर, डॉ. रतन सिंह को मिला। इसके अलावा उदीयमान प्रतिभा सम्मान सुहानी खंडेलवाल, उदिषा पारीक, सतीश राज, लोकेश सैनी, साक्षी गोयल, रिद्धि गुप्ता, दिया मांगनी, प्रीति अधिकारी, अपूर्व तथा संजीत सिंह चाहर को प्रदान किया गया।

### शोभायात्रा में श्रावकाचार झांकी सजाई



**जयपुर**, (का.सं.)। भगवान महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक पर्व पर जयपुर में जैन सभा आयोजित भव्य एवं विशाल जुलूस में दिगम्बर जैन महासमिति अंचल राजस्थान एवं सांगानेर संभाग के संयुक्त तत्वावधान में श्रावकाचार झांकी निकाली गई जिसमें मद्य- मांस, मधु आदि सप्त व्यसनों का त्याग, प्रतिदिन देव दर्शन, गुरु उपासना आदि षष्ठ आवश्यक, रात्रि भोजन त्याग, पानी छानकर पीना एवं जैन शाकाहार अपनाने का संदेश दिया गया। मुख्य संयोजक कैलाशचंद मलैया अध्यक्ष सांगानेर संभाग ने अवगत कराया कि प्रेमचंद बडजात्या, सुरेन्द्र कुमार झांझरी, बाबूलाल ईटून्दा, डॉ. अरविन्द कुमार जैन आदि का विशेष सहयोग रहा। झांकी में चौमूंबाग, प्रतापनगर सेक्टर- 3, 5 एवं 8 इकाईयों के बच्चे सहभागी रहे। लक्ष्मी सेठी चौमूंबाग का जिनेन्द्र भक्ति नृत्य सभी के आकर्षण का केन्द्र रहा। झांकी के साथ अंचल अध्यक्ष अनिल कुमार जैन आईपीएस, कार्याध्यक्ष सुरेशचन्द जैन बांदीकुई वाले, कार्याध्यक्ष डॉ. णमोकार जैन, महामंत्री महावीर कुमार बाकलीवाल, मंत्री भागचन्द जैन मित्रपुरा वाले आदि विशिष्ट पदाधिकारी एवं अनेक सदस्य सम्मिलित रहे। दिगम्बर जैन महासमिति अंचल राजस्थान द्वारा इस वर्ष श्रावकाचार वर्ष-2024 घोषित किया गया है। तदनुरूप श्रावकाचार झांकी निकाली गई। इस अवसर पर पदाधिकारियों द्वारा श्रावकाचार संकल्प-पत्र एवं श्रावकाचार फोल्डर का विमोचन एवं वितरण किया गया।

### नि:शुल्क नेत्र रोग व जागरूकता शिविर




**जयपुर**, (का.सं.)। मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान व महात्मा गाँधी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में जयसिंहपुरा खोर स्थित अजय मैरिज गार्डन में नि:शुल्क नेत्र रोग एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें 180 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल में आचार्य, ट्रस्ट सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो.डॉ.राजीव सक्सेना ने बताया कि इस शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश लोगों को नेत्र रोग से सम्बंधित बीमारियों के बारे में जागरूक कर अधिक से अधिक लोगों को लाभ पंहुचाना है जिसमें नेत्र रोग जैसे मोतियाबिंद, काला पानी, नाखूना, आंखों में सूजन, पलकबंद, नासुर, भैंगापन, कोर्निया, रेटिना की जांच आदि सभी प्रकार के नेत्र रोगों का उपचार किया गया । शिविर में 18 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है जिनका महात्मा गांधी हॉस्पिटल में ऑपरेशन किया जायेगा।

### रेस्तरां में चल रहे हुक्का बार पर छापा

**जयपुर** । बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए बार मैनेजर सहित दो लोगो को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने वहां से कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटौरी व फ्लेवर जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई थाना इलाके में स्थित टोंक रोड बजाज नगर में संचालित स्टारडस्ट रूफ टोफ बार एंड रेस्टोरेंट में की गई। जो एक रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहा था। पुलिस को पिछले कुछ दिनों से यहां पर रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर पुलिस ने एक टीम का गठन किया और पुलिसकर्मी को सादा वर्दी में भेज कर इसकी तस्दीक करवाई। इसके बाद पुलिसकर्मी के इशारा मिलने पर छापा मारा गया। जहां मौके पर बिना लाइसेंस के हुक्का पिला रहे बार बार मैनेजर कुशल आगीवाल सहित अशोक रेबारी को रेस्टोरेंट में नौजवान लोगों को हुक्का पिलाते हुए गिरफ्तार किया है। वहां से कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटोरी व फ्लेवर जब्त किया है।

### चैन स्नैचर गुजराती गैंग गिरफ्तार

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए मालवीय नगर थाना इलाके में चैन स्नेचिंग,नकबजनी एवं लूट करने वाले गुजराती गैंग का खुलासा किया है और साथ ही गुजराती गैंग के शातिर चेन स्नैचर राजवीर सिंह व नेहपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ मे अब तक जयपुर शहर में की गयी एक दर्जन से अधिक चैन स्नैचिंग,नकबजनी एवं लूट की वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपियों से मालवीय नगर में वृद्ध महिला की एक चैन एवं वारदात में प्रयुक्त दो पहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने कार्रवाई करते हुए मालवीय नगर इलाके में चेन स्नैचिंग, नकबजनी एवं लूट करने वाले गुजराती गैंग के शातिर चेन स्नैचर राजवीर सिंह व नेहपाल सिंह निवासी बापोद जिला बडौदा गुजरात को गिरफ्तार किया है। जो शातिर श्रेणी के चेन स्नैचर, नकबजनी एवं लूट की वारदात चोरी के दो पहिया वाहन से करते है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी गुजरात से प्राइवेट बस से जयपुर आते है और होटल में रुकते हैं। आरोपी दिन के समय ताला-चाबी बनाने के बहाने कॉलोनियों व रिहायशी इलाकों में पैदल घूमकर के मकानों की रैकी करते हैं। गिरफ्तार आरोपी वारदात का समय ज्यादातर सुबह के समय कॉलोनी में कम आवाजाही, वृद्ध महिलाओं, राह चली,अकेली महिलाओं को निशाना बनाकर अंजाम देते है। गिरफ्तार आरोपित होटल से निकलकर ई रिक्शा-ऑटो से चिह्नित कॉलोनी में पहुँचते है। और वही से मोटरसाइकिल चोरी कर सूने मकानों व चिन्हित इलाकों में नकबजनी करते है तथा सुबह मॉर्निंग वॉक पर राह चलती महिलाओं के गले से सोने की चेन तोड़ भागते हैं।